महत्वपूर्ण एवं खास

सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को ट्रक ने कुचला, मौत

बलौदाबाजार (आरएनएस)। जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम छांछी में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को रखकर सडक़ जाम कर दिया। घटना की सूचना पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझाया और जाम खुलवाया।

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 8 जनवरी 2023 को

30 तक भरे जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

धमतरी (आरएनएस)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आगामी 08 जनवरी 2023 को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य, सैनिक स्कूल अंबिकापुर कर्नल मिताली मधुमिता से मिली जानकारी के मुताबिक इसके लिए आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट पर आगामी 30 नवम्बर की शाम पांच बजे तक भरे जाएंगे।

करोड़ों की ठगी का मामला: अहिवारा के छाया विधायक को महाराष्ट्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी छाया विधायक अशोक कुमार डोंगरे को करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। डोंगरे को रूआबांधा स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया है। वह अपने किसी रिश्तेदार के यहां छुपा था। सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र में हुई करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में अशोक कुमार डोंगरे की संलिप्तता पाई गई है। इसी सिलसिले में महाराष्ट्र पुलिस भिलाई आई थी। पतासाजी व खोजबीन के बाद उसके रूआबांधा में छिपे होने की सूचना मिली। तदुपरांत देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। भिलाई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि अशोक डोंगरे के खिलाफ महाराष्ट्र राज्य पुलिस में धारा 420 के तहत मामला दर्ज है। छाया विधायक डोंगरे भिलाई इस्पात संयंत्र का कर्मचारी भी है।

नाइट एक्सप्रेस 5 से 19 व पैसेंजर 7 से 21 तक किरंदुल नहीं जायेगी

जगदलपुर (आरएनएस)। रेलवे ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए किरंदुल-विशाखापटनम रेल मार्ग पर चलने वाली यात्री ट्रेनों में नाइट एक्सप्रेस को 05 से 19 नवंबर एवं पैसेंजर 07 से 21 नवंबर तक किरंदुल नही जायेगी, इन दोनो यात्री ट्रेनों को सिर्फ दंतेवाड़ा तक चलाने का फैसला रेलवे प्रबंधन ने लिया है। यात्री ट्रेन सुविधा पर बार-बार लगने वाले ब्रेक का सीधा खामियाजा यहां के यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। ईको रेलवे के सीनियर डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर एके त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए नाइट एक्सप्रेस को 05 नवंबर से 19 नवंबर एवं पैसेंजर 07 से 21 नवंबर तक दंतेवाड़ा तक चलाने का फैसला लिया गया है।

एसएस फाउंडेशन ने नीलम द ग्रेंड शो का आयोजन गोवा में किया

रायपुर (आरएनएस)। एसएस फाउंडेशन भिलाई द्वारा पहली बार ब्यूटी पेजेनट मिस और मिसेस इंडिया इंटरनेशनल 2022 का विशाल आयोजन गोवा में किया गया। संस्था के अध्यक्ष शिखा साहू ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार में बताया कि उक्त कार्यक्रम में छग गुजरात, मप्र, नेपाल, दिल्ली, हैदराबाद और राजस्थान के प्रतिभागी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिसमें मिसेज इंडिया इंटरनेशनल का खिताब हनी मलिक, मिसेज इंडिया यूनिवर्स कामता वर्मा, मिसेज इंडिया अर्थ नेहा केवट, मिसेज इंडिया इंटरनेशनल वर्षा पांडे,मिसेज इंडिया यूनिवर्स सरोज खत्री, मिसेज इंडिया अर्थ के. सविता एवं मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल अभिषेक को मिला।

लोगों को लुभा रहा आवास एवं पर्यावरण विभाग का स्टॉल

- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न किये जाने की अपील पर अधारित है
- 'निर्माण लागत पर घर योजना' में दिखाई दे रही लोगों की विशेष रूचि
- राज्योत्सव में पर्यावरण संरक्षण मण्डल की प्रदर्शनी में डिजिटल डिस्प्ले भी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2022 के अवसर पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान परिसर में आवास एवं पर्यावरण विभाग अंतर्गत लगाया गया स्टॉल लोगों को खूब लुभा रहा है। इनमें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की प्रदर्शनी अंतर्गत 'निर्माण लागत पर घर योजना' में लोगों द्वारा विशेष रूचि दिखायी जा रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की प्रदर्शनी में प्रवेश द्वार पर ही सिंगल यूज प्लॉस्टिक पर प्रतिबंध का संदेश आकर्षक ढंग से दिया जा रहा है।

स्टॉल के प्रवेश द्वार पर ही बड़े आकर्षक ढंग से यह लिखा गया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी जिन वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनका भी चित्र बनाकर उल्लेख किया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मण्डल की पूरी प्रदर्शनी डिजिटल है। डिजिटल में ही मण्डल के कार्यकलाप, उपलब्धियां, योजनाएं एवं विभिन्न विषयों पर चलाये जा रहे जन-जागरूकता अभियान को दर्शाया गया है।

मण्डल की प्रदर्शनी में मण्डल द्वारा तैयार की जा रही अत्याधुनिक केन्द्रीय प्रयोगशाला का भी मॉडल रखा गया है एवं एक फिल्म के माध्यम से प्रयोगशाला एवं उसके उपकरणों के बारे में जानकारी दी जा रही है। मण्डल के स्टॉल में दर्शकों के साथ छात्र-छात्राओं की भी भारी भीड़ है जो सिंगल यूज प्लास्टिक पर अपनी जिज्ञासाएं मण्डल के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के समक्ष रख रहे हैं। विदित हो कि सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की श्रेणी में आवास एवं पर्यावरण विभाग के स्टॉल को विशेष पुरस्कार दिया गया है, जो मण्डल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इसी तरह आवास एवं पर्यावरण विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की प्रदर्शनी में मंडल की योजनाओं एवं रिक्त संपत्तियों की जानकारी स्टॉल में लोगों को दी जा रही है। मंडल की चिन्हित आवासीय एवं व्यवसायिक योजनाओं में 'निर्माण लागत पर घर योजना' में लोगों की विशेष रुचि देखने को मिल रही है। इस योजना अंतर्गत एकमुश्त भवन मूल्य की राशि जमा करने की योजना के तहत तीन माह के भीतर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट तथा 6 माह में जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। मंडल के स्टॉल में संपत्तियों के तत्काल ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी दी जा रही है। मंडल के स्टॉल में अब तक 400 से अधिक इच्छुक हितग्राहियों को मंडल की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा चुकी है।

पारंपरिक लोक धुनों के बीच क्विज का आनंद ले रहे युवा

जनसम्पर्क का स्टॉल छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वाद्य धुनों से गूंज रहा है। यहां पर आयोजित क्विज और पारंपरिक संगीतमय कार्यक्रम के प्रति युवाओं का क्रेज बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता 'संवाद आपका और हमारा' में युवा बढ़-चढक़र शामिल हो रहे हैं। स्टॉल में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक वाद्य यंत्र के धुनों को सुनने के लिए युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। पूरा स्टॉल लोक गीतों और गढ़वा बाजा, डफरा, डमऊ और मोहरी की लयबद्ध सूर-ताल से गूंज रहा है। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग के रोचक और ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता में लोग बढ़-चढक़र हिस्सा ले रहे हैं। क्विज प्रतियोगिता में एमएससी में अध्ययनरत श्री कीर्तिकांत देशमुख बालोद निवासी ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने बताया कि अन्य स्टॉलों के मुकाबले जनसंपर्क स्टॉल में नयापन है। केबीसी की तर्ज पर चल रही छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता युवाओं और दर्शकों को बांधे रखा है। सवालों के सही जवाब देने पर मिले पुरस्कार से उत्साहित कीर्तिकान्त ने कहा कि वो जनसंपर्क विभाग के कार्यों से अनभिज्ञ थे आज उन्हें पता चला कि जनसंपर्क विभाग जैसा नाम वैसा काम कर रही है। क्विज प्रतियोगिता से प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस विकास पर आधारित प्रदर्शनी में लोक कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को एलईडी के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है।

राज्योत्सव में नन्हें बच्चों को मिल रही विशेष पहचान : मितान योजना से 5 वर्ष तक के 75 बच्चों का हुआ आधार पंजीयन

रायपुर (आरएनएस)। इस साल छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में नन्हें बच्चों को अपनी विशेष पहचान मिल रही है। इन्ही बच्चों में से एक रायपुर के देवपुरी निवासी नीलेश साहू और शशि साहू का 13 महीने का बेटा मेहांश भी है। नन्हें मेहांश को उसके मात-पिता राज्योत्सव दिखाने लाये थे और लौटते समय उसके जीवन भर की विशेष पहचान आधार कार्ड निशुल्क बनवाकर वापस गये। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर इस साल 01 नवंबर को राज्योत्सव से मितान योजना के तहत् 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन की सुविधा प्रारंभ की गई। अब 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन के लिये टोल फ्री

नंबर 14545 में कॉल कर घर बैठे पंजीयन सुविधा का लाभ ले सकते हैं। उल्लेखनीय है की राज्य सरकार द्वारा 14 नगर निगमों में 15 सेवा शासकीय सेवाओं के लिए घर पहुंच सुविधा दी जा रही है।

राज्य शहरी विकास अभिकरण नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्टॉल में अधिकारियों ने बताया की विगत् 4 दिनों में 75 बच्चों का आधार बनाया गया है। इसके साथ ही सभी आयु वर्ग के निवासियों के आधार में मोबाईल अद्यतन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

मेहांश के पिता नीलेश कुमार ने में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुये कहा की राज्य सरकार द्वारा आम नगारिकों के लिए घर पहुंच जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जैसी कई सुविधायें सरकार द्वारा दी जा रही हैं। उन्होंने इसके लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुये कहा कि इस तरह की योजनायें और लायें जिससे आम नागरिकों को लाभ मिल सकें।

मितान योजना के एक मई 2022 से शुभारंभ से अब तक 23000 से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। एक नवंबर 2022 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन एवं सभी आयु वर्ग के नागरिकों के आधार में मोबाईल नंबर अद्यतन सुविधा प्रारंभ की गई है। राज्य के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में विगत 2 दिनों में ही करीब एक हजार से अधिक लोगों ने छोटे बच्चों के आधार पंजीयन एवं आधार में मोबाईल अद्यतन के लिए मितान कॉल सेंटर के माध्यम से अपाइंटमेंट बुक कराए गए है।

दो बाईकों के आमने-सामने की भिड़ंत से दो मौत, एक घायल

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के ग्राम धौड़ाई से लगभग 05 किलोमीटर दूर ग्राम सुलेगा आश्रम के सामने आज दोपहर में दो बाईक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाईक सवार विष्णु कोर्राम एवं मानसिग नाग की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं मृतक मानसिग नाग के साथ बाईक में पिछे बैठा युवक रमेश कोर्राम गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक विष्णु कोर्राम पिता सक्कू कोर्राम उम्र 32 वर्ष निवासी मढ़ागढ़ा अपने बाईक से धौड़ाई साप्ताहिक बाजार आया हुआ था, बाजार में खरीददारी कर वापस अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान विपरित दिशा बारसूर की ओर से मृतक बाईक सवार मानसिग नाग निवासी कोहमेटा पिता फूलधर नाग उम्र 34 वर्ष और रमेश कोर्राम एक बाईक में सवार होकर बारसूर से आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाईक सुलेगा आश्रम के पास पहुंची तो दोनों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मृतक मानसिग नाग के साथ बाईक में पिछे बैठा युवक रमेश कोर्राम बुरी तरह घायल हो गया जिसे संजीवनी 108 वाहन की मदद से धौड़ाई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया गया।

नक्सलियों ने रेवाली के सरपंच पति की हत्या

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कुआकोंडा ब्लाक के ग्राम पंचायत रेवाली के सरपंच पति भीमा बारसे की नक्सलियों ने हत्या कर शव को पटेलपारा में फेंक दिया। सरपंच पति को शुक्रवार रात में नक्सलियों ने उसके घर बर्रेम से अपने साथ ले गये थे, जिसके बाद घर से करीब 04 किलोमीटर दूर मलगेर नाले के पार पटेल पारा से आज सुबह उसका शव बरामद हुआ है।

प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार रात मृतक बारसे भीमा अपने घर में सोया हुआ था। यहां सादी वर्दी में कुछ नक्सली पहुंचे और उसे आगे का रास्ता बताने को कहा, जिसके बाद वे वहां से भीमा को लेकर चले गये। घर पर मौजूद उसके बेटे को शंका हुई तो वो भी उनके पीछे चला गया। कुछ दूरी पर नाले के दूसरी तरफ नक्सली उससे मारपीट करने लगे, जिसे देख उसका बेटा बीच बचाव करने आया, लेकिन नक्सलियों ने भीमा की हत्या कर दी। भीमा के बेटे के साथ भी नक्सलियों ने मारपीट की है। जिससे मृतक के बेटे को भी हाथ व पैर में काफी चोटें आयी हैं। इधर घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस का मानना है कि नक्सलियों की मलगेर एरिया कमेटी ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

कोंडागांव में भीषण आग, बुझाने पहुंची 5 जिलों की दमकल

कोंडागांव (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित इलेक्ट्रॉनिक एवं कपड़े की दुकान व मकान में भीषण आग लगने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। आग इतनी भयानक थी कि 5 जिलों से फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां बुलानी पड़ी। कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर, कांकेर और एनएमडीसी दंतेवाड़ा की फायर ब्रिगेड टीम ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। आगमनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

बीती रात अचानक लगी आग को बुझाने आसपास के लोगों ने काफी प्रयास किया। मगर आग इतनी भीषण थी कि यह संभव नहीं था कि लोग इसे बुझा पाते। पुलिस व प्रशासन, नगर पालिका की पूरी टीम मौके पर पहुंची जहां पुलिस अधीक्षक ने मौके पर खड़े रहकर दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि घटना रात 11 बजे की है। जैसे ही पुलिस को घटना के बारे में पता लगा, पूरी टीम के साथ घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड की गाडिय़ों के साथ पहुंच गए।मकान में कुछ सदस्य भी थे, जिनको सकुशल वापस बाहर निकाला गया।

नगर पालिका कोंडागांव में पूर्व में एक फायर ब्रिगेड गाड़ी थी, जो अब कंडम हो चुकी है। यही वजह है कि नगर पालिका द्वारा फायर ब्रिगेड वाहन यहां तक नहीं लाया जा सका। इसके अलावा पुलिस के पास एक फायर ब्रिगेड थी, जिसके सहारे आग बुझाने का प्रयास किया गया पर सफलता नहीं मिलने पर नारायणपुर, जगदलपुर और कांकेर जिले से भी फायर ब्रिगेड की टीम बुलानी पड़ी। भारी मशक्कत के बाद 4 घंटे तक लगातार पानी की बौछार डालने के बाद आग पर काबू पाने में सफलता मिली।

इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लगने की वजह से प्रशासन ने तत्काल बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया, ताकि आग और न भडक़ सके. इस बीच आसपास के लोगों ने अपने घरों से बाल्टी में पानी भर कर आग बुझाने की कोशिश की।

रिश्वतखोर जेल प्रहरी को 4 साल की सजा, एसीबी ने रंगे हाथों किया था गिरफ्तार

- कैदी को स्पेशल ट्रीटमेंट देने के लिए मांगी थी रिश्वत

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले में जेल प्रहरी धीरेंद्र परिहार को स्पेशल कोर्ट एंटी करप्शन ने 4 साल जेल की सजा सुनाई है, साथ ही उस पर 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। कैदी को स्पेशल ट्रीटमेंट देने के एवज में उसने परिजनों से 50 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड की थी। जिसमें से 10 हजार रुपए लेते हुए एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था।

घटना 2019 की है, तब जेल प्रहरी धीरेंद्र परिहार की पोस्टिंग कोरबा जिले की उपजेल कटघोरा में थी। वहां शंकर लाल रजक नाम का शख्स धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद था। जानकारी के मुताबिक ठगी के आरोप में कटघोरा उप जेल में निरुद्ध शंकलाल रजक की आए दिन उप जेल में पिटाई हो रही थी और उसे जेल मैन्युअल के अनुरूप खाना भी नहीं मिल रहा था। शंकरलाल रजक ने यह बात अपनी पत्नी रोहिणी को बताई थी। इसके बाद पत्नी ने उप जेल

के जेल प्रहरी धीरेंद्र सिंह परिहार से मुलाकात की थी। जेल प्रहरी ने उसके पति की पिटाई नहीं करने और जेल मैन्युअल के अनुसार खाना और सामान्य कैदी को मिलने वाली सुविधा देने के एवज में 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। जिसमें से पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपए देना तय हुआ था। पत्नी ने जेल प्रहरी की शिकायत एसीबी एन्टी करप्शन ब्यूरो से कर दी थी।

इसके बाद एसीबी की टीम ने महिला को 10 हजार रुपए दिए जेल कर्मचारी धीरेंद्र परिहार को देने को कहा। जैसे ही महिला ने कर्मचारी को रिश्वत दी, एसीबी की टीम ने उसे रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। सहायक लोक अभियोजक रोहित राजवाड़े ने बताया कि धीरेंद्र परिहार को 4 साल की सजा कोर्ट ने सुनाई है और उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

भानुप्रतापपुर विधानसभा उप निर्वाचन-2022 : जिले में धारा-144 लागू

- अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध

कांकेर (आरएनएस)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर में उप निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में लोक परिशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कांकेर जिला में दण्ड प्रक्रिया सहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं, जिसके अनुसार जिला उत्तर बस्तर कांकेर की राजस्व सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक हथियार यथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर के किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सडक़, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र, जुलूस नहीं निकालेगा और नही आपत्तिजनक नारे लगायेगा, न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हे चुनाव, मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है।

जिला उत्तर बस्तर कांकेर के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्र, गतगणना स्थल, तहसील, ब्लाक, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी, न तो धरना दिया जायेगे और न ही नारेबाजी की जावेगी। जिला उत्तर बस्तर कांकेर की राजस्व सीमा क्षेत्र अंर्तगत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आम, सभा, जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुड़े संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, कार्यपालिक दण्डाधिकारी को देना होगा तथा विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित राजनैतिक दल, व्यक्ति आम सभा, जुलूस का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति जिला उत्तर बस्तर कांकेर के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी धार्मिक संस्थान या उसके आसपास न तो आमसभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा, न ही धार्मिक स्थानों का आमसभा, जुलूस के लिए उपयोग करेगा। कांकेर जिला की राजस्व सीमा क्षेत्र अंतर्गत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी या तहसीलदार की अनुमति के बिना ध्वनि

विस्तारक यंत्र द्वारा किसी प्रकार की नारेबाजी, प्रचार-प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नहीं करेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU